


# सस्ते चौखट, दरवाजे और खिड़कियों की बढ़ती मांग के बीच लकड़ी के स्रोत और निगरानी व्यवस्था पर चर्चा तेज!

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई, मनीष गड़करी, भुजेन्द्र शर्मा

जिले में यदि कोई व्यक्ति नया मकान बना रहा हो और सागौन के चौखट, दरवाजे या खिड़कियां खरीदने की बात करे तो अक्सर एक नाम चर्चा में आ जाता है बिछुआ। वर्षों से यह धारणा क्षेत्र में बनी हुई है कि यहां अपेक्षाकृत कम कीमत पर सागौन से तैयार सामग्री उपलब्ध हो जाती है। यही कारण है कि चौरई, परासिया, जुन्नारदेव, तामिया, पांढुर्णा और यहां तक कि जिले के बाहर से भी लोग बिछुआ क्षेत्र का रुख करते हैं।लेकिन अब यह चर्चा केवल व्यापार तक सीमित नहीं रह गई है। लगातार बढ़ते कारोबार और बाजार में उपलब्ध तैयार माल की मात्रा को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि बड़ी मात्रा में सागौन आधारित सामग्री का निर्माण और विक्रय हो रहा है तो उसके स्रोत और वैधता को लेकर भी स्पष्टता होनी चाहिए। आज भी छिंदवाड़ा नगर में बन रहे सौ मकानों का सर्वे करेंगे तो 40 प्रतिशत मकानों में बिछुआ के दरवाजे चमचाते नजर आएंगे।

## बढ़ती मांग ने बढ़ाए सवाल

सागौन देश की सबसे बहुमूल्य और टिकाऊ लकड़ियों में गिनी जाती है। इसकी मजबूती और आकर्षक बनावट के कारण मकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और फार्म हाउसों में इसका उपयोग वर्षों से होता आ रहा है।निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में बिछुआ क्षेत्र में सागौन से बने चौखट, खिड़कियों और दरवाजों का कारोबार तेजी से बढ़ा है। मांग बढ़ने के साथ ही यह सवाल भी गहराने लगा है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में कच्चा माल कहां से आ रहा है और क्या उसका पूरा रिकॉर्ड संबंधित विभागों के पास उपलब्ध है।स्थानीय स्तर पर कई लोग यह भी कहते हैं कि बाजार में उपलब्ध तैयार माल की मात्रा और क्षेत्र में वैध लकड़ी उत्पादन के आंकड़ों के बीच तुलनात्मक अध्ययन किया जाना चाहिए। इससे स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकती है।

## जंगलों से घिरे क्षेत्र पर टिकी निगाहें

बिछुआ क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति इसे और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। आसपास के क्षेत्रों में वन भूमि और सागौन के प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं। ऐसे में जब भी लकड़ी कारोबार की चर्चा होती है तो लोगों का ध्यान स्वाभाविक रूप से जंगलों की ओर जाता है।पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों का कहना है कि वन संपदा किसी भी क्षेत्र की अमूल्य धरोहर होती है। यदि कहीं भी अवैध कटाई या अनियमित परिवहन जैसी गतिविधियां हो रही हों तो उनका सीधा असर जंगलों, वन्यजीवों और पर्यावरणीय संतुलन पर पड़ता है।इसी वजह से नागरिक यह मांग कर रहे हैं कि लकड़ी आधारित कारोबार से जुड़े सभी पहलुओं में अधिक पारदर्शिता लाई जाए।

## रात में परिवहन की चर्चाएं, लेकिन जवाब अब भी अधूरे

क्षेत्र में लंबे समय से यह चर्चा भी सुनने को मिलती रही है कि लकड़ी और तैयार माल का परिवहन कई बार देर रात या सुबह के समय किया जाता है। हालांकि इन चर्चाओं की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन लगातार सामने आ रही ऐसी जानकारियों ने लोगों के मन में कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सभी गतिविधियां वैधानिक रूप से संचालित हो रही हैं तो परिवहन परमिट, स्रोत प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच किसी भी समय की जा सकती है। ऐसे में अनावश्यक चर्चाओं पर भी विराम लग जाएगा।लेकिन जब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं होती, तब तक सवाल उठते रहेंगे कि आखिर इस कारोबार का वास्तविक स्वरूप क्या है।

## कारीगरों की मेहनत या किसी बड़े नेटवर्क की कहानी?

बिछुआ क्षेत्र लंबे समय से लकड़ी कारीगरी के लिए भी जाना जाता रहा है। यहां कई परिवार पीढ़ियों से लकड़ी आधारित काम करते आए हैं। फर्नीचर निर्माण और भवन निर्माण सामग्री तैयार करने में स्थानीय कारीगरों की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।लेकिन जानकारों का कहना है कि जब किसी क्षेत्र में कारोबार का आकार तेजी से बढ़ता है तो उसके पीछे केवल उत्पादन नहीं बल्कि एक पूरी सप्लाई चेन काम करती है। इसमें कच्चे माल की उपलब्धता, परिवहन, भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन तक कई स्तर शामिल होते हैं।यही कारण है कि अब मांग उठ रही है कि लकड़ी कारोबार की पूरी श्रृंखला का समय-समय पर परीक्षण किया जाए ताकि वैध और अवैध गतिविधियों के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित हो सके।

## वन संरक्षण और व्यापार के बीच संतुलन जरूरी

विशेषज्ञों का मानना है कि वैध वन आधारित व्यापार किसी भी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकता है। इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं। लेकिन इसके साथ-साथ वन संरक्षण की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है।यदि वन संपदा के दोहन और संरक्षण के बीच संतुलन नहीं बनाया गया तो भविष्य में पर्यावरणीय चुनौतियां बढ़ सकती हैं। यही कारण है कि वन विभाग, राजस्व विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।स्थानीय नागरिक चाहते हैं कि समय-समय पर निरीक्षण, दस्तावेजों का सत्यापन और परिवहन की निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की आशंका या भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके।

## पड़ताल की जरूरत

बिछुआ का नाम सागौन से बने चौखटों और दरवाजों के लिए वर्षों से लिया जाता रहा है। यह क्षेत्र वैध व्यापार, कारीगरों की मेहनत और स्थानीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र भी हो सकता है। लेकिन जब किसी कारोबार को लेकर लगातार चर्चाएं और सवाल उठने लगें तो पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक हो जाती है।अब आवश्यकता इस बात की है कि संबंधित विभाग वस्तुस्थिति स्पष्ट करें, वैध कारोबार को प्रोत्साहन दें और यदि कहीं कोई अनियमितता हो तो उस पर कठोर कार्रवाई करें।

# पार्षद के खिलाफ आदिवासी समाज ने दिया ज्ञापन



**परासिया :-** न्यूटन वार्ड 9 के पार्षद के खिलाफ आदिवासी समाज एस डी ओ पुलिस के नाम ज्ञापन सौंपा है । जिसमें पार्षद के खिलाफ एक आदिवासी युवक के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है ।समाज के लोगों बताया , कि न्यूटन चिखली वार्ड क्र. 2 निवासी पंकज भलावी पिता स्व. दुर्गाप्रसाद भलावी मोआरी खदान में मजदूरी करता है । जो खदान से छूटकर अपने घर जा रहा था । तभी रास्ते पर न्यूटन वार्ड क्र. 09 में दुर्गा मंदिर के पास वार्ड पार्षद के द्वारा पंकज भलावी को रोककर उसकी गाड़ी की चाबी निकाल ली गई और उसके साथ जबरन मारपीट की गई और गंदी गंदी गाली दी गई ।जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित किया गया । मारपीट में पंकज को हाथ पैर और पसली में चोंटे आई है । जिससे पंकज भलावी मजदूरी करने नहीं जा पा रहा है । जो कि अपने परिवार का भरण पोषण करता है। इस घटना से आदिवासी समाज में रोष व्याप्त है । समाज के लोगों ने पार्षद के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है । कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही गई है ।

# 3 साल के बच्चे को कार ने मारी टक्कर गुस्साई भीड़ थाने पहुंची



परासिया :- परासिया थाने से कुछ दूर हरसोरिया मेडिकल के सामने एक कार ने 3 साल के बच्चे और उसके पिता को टक्कर मारी । जिसमें पिता पुत्र दोनों को गंभीर चोट आई है । घटना के समय सड़क पर मौजूद गुस्साए लोगों की भीड़ थाने पहुंची । कार चालक और उसके साथी को थाने में बैठा देख , वापस चले गए ।बताया जा रहा है , कि परासिया वार्ड 14 निवासी 3 वर्षीय शेख अब्बास अपने पिता शेख जुबेर के साथ मेडिकल स्टोर आया था । तब एक कार चालक ने उसे टक्कर मारी । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया , कि कार चालक मोबाइल पर बात करते हुए कार चला रहा था । इस घटना में अब्बास को चेहरे में गंभीर चोट आई है । वहीं उसके पिता को दोनों बक्खो में चोट आई है । बच्चे की नाक से लगातार खून बहना बताया गया है ।

# सांसद बंटी विवेक साहू मन की बात कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू आज 31 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 11 बजे चौरई के ग्राम बम्हनी लाला में सरपंच रामनारायण पटेल के निवास स्थान पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे। सांसद बंटी विवेक साहू दोपहर 1 बजे अमरवाड़ा के ग्राम पौनारी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा व पांच कुण्डीय महायज्ञ के कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1:30 बजे अमरवाड़ा में स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2:30 बजे सिंगोड़ी के ग्राम भजिया में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4 बजे शिवपुरी रोड में स्थित गाड़ीढाना में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के जयंती समारोह में शामिल होंगे। शाम 7 बजे छिन्दवाड़ा के वार्ड नं. 09 खेरी भोपाल में आयोजित गोंड समाज महासभा मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित बड़ा देव स्थापना व विशाल गोंडी सम्मेलन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# अन्नदाताओं के साथ सुना जाएगा प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के आगामी 134वें संस्करण के प्रसारण को जिलेभर में विशेष रूप से किसानों एवं अन्नदाताओं के साथ सुनने की व्यापक तैयारी की गई है। भाजपा संगठन द्वारा इस बार कार्यक्रम को कृषि एवं किसान हितों से जोड़ते हुए जिले के 100 से अधिक स्थानों पर विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है। इन आयोजनों में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता किसानों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनेंगे तथा उनके संदेशों पर चर्चा करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री के विचारों का श्रवण करेंगे। इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ग्राम कुहिया में आयोजित कार्यक्रम में किसानों एवं अन्नदाताओं के साथ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्रधानमंत्री के मार्गदर्शक विचारों से जोड़ना, कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी पहुंचाना तथा ग्रामीण विकास एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाना है।

# सांसद बंटी विवेक साहू के निवास पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा प्रवास पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सांसद बंटी विवेक साहू के आग्रह पर उनके निवास स्थान में परिवारजनों से मुलाकात करने के लिए पहुंचे। इस दौरान भाजपा के तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सांसद निवास पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान श्री तोमर ने सांसद बंटी विवेक साहू के परिवारजनों सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारियों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस मुलाकात के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के बीच तमाम विषयों पर चर्चा हुई।

# पेंच नदी के पास बाइक-कार की भीषण टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

पेंच नदी के पास आज लगभग 11 बजे बाइक और कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 55 वर्षीय सुगनलाल डोलेकर की मृत्यु हो गई, जबकि युवक बबलू डोलेकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार के रॉन्ग साइड से आने के कारण हादसा हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार थावड़ी टेका निवासी सुगनलाल डोलेकर और बबलू डोलेकर बाइक से छिंदवाड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान छिंदवाड़ा की ओर से आ रही कार क्रमांक MP28 CA 5538 से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सुगनलाल डोलेकर की हालत गंभीर होने पर उन्हें नागपुर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल युवक बबलू डोलेकर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## हादसे के बाद कार सवार फरार, तलाश जारी



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार कार चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# तत्परता से बची विलुप्तप्राय गिद्ध की जान

## तामिया वन अमले ने दिखाई संवेदनशीलता

**तामिया रेंजर ने कराया अस्वस्थ गिद्ध का उपचार/ छिंदी रेंजर ने झाड़ा पल्ला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



गिद्ध हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन्हें प्रकृति का "सफाई कर्मी" कहा जाता है, क्योंकि ये मृत पशुओं को खाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हाल ही में जिले में हुई गिद्ध गणना में तामिया क्षेत्र में इनके कुनबे में बढ़ोतरी के संकेत मिले हैं, जो वन्यजीव संरक्षण के लिए सुखद खबर है।

ऐसे में इन दुर्लभ पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी केवल वन विभाग ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी है।इसी बीच शनिवार को तामिया तहसील की जोगी मुआर पंचायत के बाक्की ग्राम के पास एक गिद्ध अचानक सड़क किनारे अस्वस्थ अवस्था में गिरा हुआ मिला। ग्रामीणों ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उसे पानी पिलाया तथा उसकी स्थिति की जानकारी वन विभाग को दी। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना मिलने पर छिदी रेंजर ने क्षेत्राधिकार का हवाला देकर तत्काल कार्रवाई से दूरी बना ली।

इसके बाद ग्रामीणों ने तामिया रेंजर हिमांशु विश्वकर्मा को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्परता दिखाते हुए वन अमले को मौके पर भेजा। वन कर्मियों ने गिद्ध को सुरक्षित रेस्क्यू कर उपचार के लिए पशु चिकित्सालय पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे निगरानी में रखा गया है तथा उसके भोजन के लिए मांस की भी व्यवस्था की गई है।

ग्रामीणों और वन अधिकारियों के अनुसार संभावना जताई जा रही है कि भीषण गर्मी के कारण गिद्ध प्यास और कमजोरी से परेशान होकर जमीन पर गिर गया होगा। फिलहाल उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है और उसके स्वस्थ होने की उम्मीद मजबूत है।

स पूरे घटनाक्रम में एक ओर जहां छिदी रेंजर की कथित लापरवाही चर्चा का विषय बनी रही, वहीं तामिया रेंजर हिमांशु विश्वकर्मा की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई ने एक विलुप्तप्राय पक्षी को नया जीवन देने का प्रयास किया है, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

# विधानसभा अध्यक्ष तोमर का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**जामसांवली मंदिर के सेवा कार्यों, गौ-सेवा की सराहना की**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शनिवार को मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का सौसर आगमन हुआ इस दौरान सातनूर सीमा से लेकर छिंदवाड़ा तक भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संगठनों के द्वारा ऐतिहासिक स्वागत सत्कार किया गया। सौसर आगमनं पर भारतीय जनता पार्टी मंडल लोधीखेड़ा की ओर से रेमंड चौक पर जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष संजय भूते,प्रभाकर बोबडे अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष खेमराज सोनेकर,दिनेश रायकवार, माधव ठाकरे हरिदास धुर्वे, सरपंच भोजराज धोतके,चंद्रशेखर कहातेबंडू उईके,धीरेन्द्र करडमारे, नामदेव बोबडे अरुण काकड़े भव्य स्वागत सत्कार किया गया।

इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष श्री तोमर ने सुप्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक), जामसांवली धाम पहुँचकर भगवान श्रीमूर्ति की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, मंगल और कल्याण की कामना की। उनके साथ सांसद श्री विवेक बंटी साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़,भाजपा जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा शेषराव यादव, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एड अजय धवले,आदि थे। मन्दिर संस्थान के सीईओ श्री वीरेंद्र भट्ट ने श्री तोमर को मंदिर संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर जी ने मंदिर संस्थान द्वारा संचालित सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों हेतु संस्थान की प्रशंसा कर इसे और बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि,धार्मिक स्थलों पर श्रद्धा के साथ-साथ जब जीव-सेवा और समाज-कल्याण के कार्य जुड़ जाते हैं, तो वह स्थान साक्षात पुण्यभूमि बन जाता है।

जामसांवली धाम में चल रही गौ-सेवा और प्रसादम सेवा अत्यंत अनुकरणीय है।संस्थान सचिव टीकाराम कारोकार ट्रस्टी मनोहर शेलकी, अजय धवले, दिलीप बत्रा, नीलेश जुननकर, संस्थान के सीईओ वीरेंद्र भट्ट ने माननीय अध्यक्ष जी को श्रीमूर्ति की प्रतिकृति भेंट कर उनका आत्मीय सम्मान किया।

## विधायकों ने रखी विधानसभा अध्यक्ष के सामने सौंसर की समस्या

**सौंसर।** शनिवार को छिंदवाड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम में मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का आगमन हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिले विधायकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विधानसभा अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। मिली जानकारी के अनुसार भेट के दौरान विधायक गनों ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष एक महत्वपूर्ण विषय रखा। विधायकों ने श्री तोमर का ध्यान सौसर क्षेत्र में स्थित दो प्रमुख एवं पवित्र धार्मिक स्थलों विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर और नगर मोहगांव स्थित श्रीक्षेत्र अर्धनारीश्वर मंदिर की ओर आकर्षित किया। प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि इन पवित्र स्थलों की धार्मिक गरिमा और मर्यादा को बनाए रखने के लिए इनके आसपास संचालित सभी वैध और अवैध शराब दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद किया।

# पिपलानारायणवार की शराब दुकान हटाने आंदोलन तेज

# पिपलानारायणवार में दूसरे दिन जारी रहा भक्ति आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



नगर कांग्रेस कमेटी, ग्रामीण महिलाओं के तत्वावधान में पिपला क्षेत्र में क्षेत्र को पूर्णतः नशामुक्त बनाने और बस स्टैंड परिसर में संचालित शराब दुकान को वहां से हटाने की मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन जन-जागरण कार्यक्रम का शंखनाद किया गया है।

बस स्टैंड परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पहले ही दिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने कहा कि बस स्टैंड जैसे व्यस्त और सार्वजनिक क्षेत्र में शराब दुकान का संचालन पूरी तरह से जनहित के विपरीत है।इस दुकान के कारण यहां से गुजरने वाले आम नागरिकों, यात्रियों और विशेषकर महिलाओं व स्कूली विद्यार्थियों को आए दिन भारी मानसिक व सामाजिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने मामले की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि जनता की इस जायज भावना और मांग को उच्च स्तर पर शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाकर इसका स्थाई समाधान कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता अशोक चौधरी, चिंधबा महाराज सरोदे नगर कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि यह प्रदर्शन केवल एक शराब दुकान को हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र को सुरक्षित, स्वच्छ और नशामुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा जनआंदोलन है।

उन्होंने संकल्प दोहराया कि जब तक प्रशासन इस दुकान को हटाने की मांग पूरी नहीं करता, तब तक यह जन-जागरण कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा. आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय महिलाओं ने शराब के दुष्प्रभावों के खिलाफ भजनों की प्रस्तुति देकर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरानजिला को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी, डॉ. राजेन्द्र येमदे, नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा चौधरी, अनिल वनकर, राजू चौधरी, देवेन्द्र कोचे, विनोद सालबर्डे, आदि उपस्थित रहे।

## पुर्जे-पुर्जे खोलकर पार किया तांबा और तेल, बिजली विभाग के उड़े होश

# शातिर चोरों का दुस्साहस, पोल से उतारा ट्रांसफॉर्मर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम राजना में कल शुक्रवार की रात चोरों ने एक ऐसी दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया, जिसने बिजली विभाग के अधिकारियों और स्थानीय पुलिस की नींद उड़ा दी है। शातिर चोरों ने बिजली विभाग के ऊंचे स्ट्रक्चर पर फिट भारी-भरकम ट्रांसफॉर्मर को न सिर्फ नीचे उतारा, बल्कि उसे औजारों से खोलकर पुर्जे-पुर्जे कर डाला।

### औजारों से खोला पूरा ढांचा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने राजना गांव में लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर को निशाना बनाया। चोर पूरे लाव-लश्कर और औजारों के साथ आए थे। उन्होंने बकायदा पिंचीस, पानों और अन्य हथियारों का इस्तेमाल कर पूरे ट्रांसफॉर्मर को कलपुर्जों में तब्दील कर दिया। इसके बाद चोर ट्रांसफॉर्मर के भीतर भरा कीमती ऑइल, महंगी तांबे की प्लेटें और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री समेटकर रफूचक्कर हो गए।

### अधिकारियों में हड़कंप, मौके पर बना पंचनामा

सुबह जब ग्रामीणों ने ट्रांसफॉर्मर को जमीन पर बिखरा और क्षतिग्रस्त देखा, तो उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत बिजली विभाग और पुलिस को दी गई। बिजली कंपनी के दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पंचनामा कार्रवाई पूरी की। चोरों के इस दुस्साहस से बिजली विभाग के आला अधिकारी भी सख्ते में हैं। स्थानीय पुलिस ने बिजली विभाग की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि यह किसी पेशेवर गिरोह का काम हो सकता है, जिन्हें ट्रांसफॉर्मर खोलने की तकनीकी जानकारी थी। फिलहाल पुलिस क्षेत्र के संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी है।

## अवैध धंधों पर अंकुश लगाने भाजपा नेताओं ने दिया ज्ञापन



**न्यूटन / परासिया** :- नगर भाजपा द्वारा चौकी प्रभारी न्यूटन को क्षेत्र में चल रहे अवैध धंधों पर अंकुश लगाने ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में चौकी प्रभारी का अवैध कामों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बता दें, कि न्यूटन नगर में जगह - जगह अवैध शराब बेचीं एवं परोसी जा रही है।जगह जगह सट्टा लिखा जा रहा है। जिससे आमजनों को अत्यधिक समस्या हो रही । नगर की महिलाओं, युवतियों में डर एवं असुरक्षा का माहौल बन रहा। प्रतिदिन शराब माफियाओं के द्वारा जगह - जगह एवं गांव - गाव तक शराब पहुंचाई जा रही है। मोहल्ले कॉलोनियों मे प्रतिदिन शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब के नशे में शराबी गाली - गलौच करते रहते हैं। इन सभी समस्याओं से चौकी प्रभारी को अवगत कराया गया और कठोर से कठोर कार्यवाही कर इन सभी अवैध धंधों पर अंकुश लगाने की मांग की गई। नगर भाजपा द्वारा चेतावनी दी गई कि यदि 7 दिवस के अंदर अवैध धंधे बंद नही किये जाते हैं तो भाजपा उग्र आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी। ज्ञापन में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीचंद पटेल, पूर्व मंडल महामंत्री हरी आठनकर, मंडल उपाध्यक्ष दीप अक्षय (बिट्टू) भनारिया, मनोनीत पार्षद इंद्रपाल साहू, पार्षद राहुल सराठी, रमेश साहू, अश्वनी यदुवंशी, नितिन जायसवाल, सतीश राय, धर्मेंद्र चौहान, राजेंद्र राय, शिवनाथ कनोजिया उपस्थित रहे।

## जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार के 25 सप्ताह पूर्ण होने पर किसानों को किया सम्मानित

**परासिया।** छिंदवाड़ा के सब्जी मंडी में जैविक/प्राकृतिक का उत्पादन करने वाले जिले के कृषकों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया सब्जी मंडी मे विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर जैविक सब्जियों का महत्व तथा प्राकृतिक खेती पर विशेष जानकारी दी गई विनायक धर्माजी नागदवने भाजपा नेता के द्वारा किसानों का उत्साह बढ़ाया गया तथा उनकी खुशी में अपनी खुशी जाहिर कर अधिक से अधिक कृषक भाई जैविक और प्राकृतिक अनाज, सब्जी आदि का उत्पादन कर बाजार में लेकर आये जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है एवं निरंतर हांट बाजार प्रति शनिवार को लगता रहे इसकी आवश्यकता बताई गई।

## पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या



**दमुआ।** श्री सती अनुसुईया माता मंदिर दमुआ प्रांगण में अधिमास के पावन पर्व पर पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या कथा व्यास श्री अनुग्रह सागर जी महाराज जी के द्वारा पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या 28 मई दिन गुरूवार से प्रारम्भ है जो कि 2 जून दिन सोमवार तक महाराज जी के द्वारा जारी रहेगी पंचधुनी अग्नि तपस्या में कंडो के बने पांच जलते हुए घेरो के बीच में पांच प्रकार की कंडो से बनी अग्नि के बीच बैठकर 3 घंटे तक निरन्तर तपस्या कर रहे है। भगवान महादेव जी की अराधना जाप तप में लीन होकर तपस्या कर रहे है। जब महाराज जी तपस्या करते है तब वे अन्न जल का सेवन तक नही करते है कि जबकि इस प्रचण्ड गर्मी में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लगातार तीन घंटे धूनी तपस्या मंत्रा के उच्चारण के साथ इस भीषण गर्मी में अग्निके बीच बैठकर तपस्या करना बहुत अधिक कठिन होता है। "इंसान इस भीषण गर्मी में ऐसी, कूलर के बिना नही रह पाता किन्तु महाराज जी पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या में लीन रह रहे है " जिस प्रकार अग्नि रूपी तत्व से भोजन की सभी अशुद्धियों का नाश हो जाता है ठीक उसी प्रकार तपस्या रूपी तप से हमारे सभी पापो का नाश हो जाता है पूण्य अर्जित होता है केवल तपस्या ही ऐसा मार्ग है जो हमे सत्य की ओर लेकर जाता है सत्य अर्थात परमपिता परमेश्वर को पाता है जो केवल तपस्या से प्राप्त होती अर्थात जिस कार्य से मानव जीवन का कल्याण हो सके क्षेत्र को कल्याण हो अपने मन और जीवन को सही मार्ग की अग्रेषित करना ही तपस्या है। पंचधुनी अग्ति तपस्या परिक्रमा के लाभ- सभी पापो का नाश, कष्ट व बाधाओ से मुक्ति सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति अपने पूर्वजो का उद्धार व आर्शिवाद अतः समस्त भक्तगणो से अनुरोध है कि पंचधुनी अग्नि तपस्या करने हेतु श्री अनुसुईया माता मंदिर दमुआ में अधिक से अधिक संख्या में पहुचंकर दर्शकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# इनर व्हील क्लब ने किया जैविक किसानों को सम्मानित, 25 वें हाट में हुआ सम्मान समारोह

### किसानों ने किया ग्राहकों का स्वागत, आमरस, छाछ, कद्दू की खीर बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



गुरैया सब्जी मंडी में शनिवार को जैविक हाट के 25 सप्ताह पूर्ण होने पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इनर व्हील क्लब ने जैविक हाट में जिले के उन किसानों को सम्मानित किया जो बीते कई साल से जैविक खेती कर रहे हैं। किसानों को क्लब की ओर से जैविक खाद, खेती की किट और प्रमाणपत्र दिया गया।

इनर व्हील क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई ने कहा कि ये किसान यूरिया, डीएपी, एनपीके जैसे रसायनिक खाद का उपयोग नहीं करते बल्कि गोबर खाद, केंचुआ खाद, जीवामृत, घनजीवामृत सिंग खाद, हरी खाद से अनाज, सब्जी, फल की खेती करते हैं। किसान हर सप्ताह शनिवार को हाट बाजार में बिना रसायन की सब्जी और अनाज उपलब्ध करा रहे हैं। छिंदवाडा जिले के किसानों ने मध्यप्रदेश में अलग पहचान स्थापित की है। हर सप्ताह शनिवार को गुरैया सब्जी मंडी में लगने वाले हाट बाजार में किसान ताजी सब्जी, अनाज के साथ फल, दूध, दही मही, घी, शहद सहित अन्य देशी फल भी बिक्री के लिए लाते हैं। सेहत के प्रति जागरूक लगभग एक हजार से अधिक नागरिक हर सप्ताह इस बाजार में आते हैं।

### भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा के साथ समुद्र मंथन की कथा का किया बखान

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खापा स्वामी के ग्राम भुतहा छाबड़ी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार 30 मई की रात्रि में भागवत कथा वाचक आचार्य रोहितानंद महाराज श्री धाम वृंदावन द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा का बखान किया गया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर युग में धर्म के उत्थान और पाप के नाश के लिए जन्म लिया। भगवान का जन्म काल कोठरी में हुआ उनके जन्म के साथ ही बेड़ियों में जकड़े हुए माता-पिता के बंधन टूट गए और भगवान श्री कृष्ण को लेकर उनके पिता वासुदेव उफनती जमुना नदी पार कर उन्हें लेकर गोकुल पहुंचते हैं जहां पर भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उत्साह मनाया जाता है। भागवत कथा स्थल पर भी भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उत्साह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया जहां पर भगवान श्री कृष्ण की झांकी की प्रस्तुति दी गई नंद बाबा के सिर पर टोकरी में नन्हे श्री कृष्ण भागवत कथा स्थल पर पहुंचे।

# एक सेल्समेन के भरोसे चल रहीं तीन सोसायटी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

पुराना दमुआ सोसायटी, चिकटबर्री सोसायटी और रामपुर सोसायटी, दमुआ शासकीय उचित मूल्य दुकान याने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित दमुआ के अंतर्गत आने वाली सोसायटी दुकाने समय पर नहीं खुलती है। एक सैल्समेन के भरोसे तीन सोसायटी दुकाने चल रहीं है। हालात यह है कि मन माने तरह से सोसायटी दुकाने खोली जाती है कभी भी दुकाने खोलकर राशन का वितरण किया जाता है। राशन कार्ड धारियों को पता नहीं चलता कि सोसायटी दुकाने कब खुलती है और सोसायटी कब बंद हो जाती है। खास बात तो यह है कि सोसायटी दुकानों में सूचना नोटिस तक चस्पा नहीं किया जाता है। जिसके कारण वजह से पात्र राशन कार्ड धारियों को जानकारी नहीं मिल पाती है। जानकारी के आभाव में सोसायटी दुकानों के पात्र राशन कार्ड धारी ग्राहक फिजुल परेशान होते रहते है। कई राशन कार्ड धारी अपना किमती समय छोड़कर सोसायटी दुकान आते है। लेकिन समय पर सोसायटी राशन दुकाने न खुलने से वो निराश होकर वापस लौट जाते है। ऐसी परिस्थितियों में उन्हें बार-बार सोसायटी दुकानों के चक्कर काटने पड़ते है। और सोसायटी में ताला लटका रहता है। कई लोग राशन लेने से वंचित रह जाते है। ऑनलाईन लेना देना मशीन में सर्वर नेटवर्क प्राब्लम के वजह से लोगो की दिक्कत परेशानी भी बढ़ जाती है। और समय पर लोगो को राशन नहीं मिल पाता है इस तरह लोगो का समय और दिन बेकार हो जाता है एवं कुछ लोग राशन तक नहीं ले पाते है फिजुल परेशान हो जाते है।

## मनमाने और गुपचुप तरीके से नपा दमुआ में की गई भर्ती

दमुआ- न.पा. दमुआ में नियम विरूद्ध तरीके से वर्ष 2024 में 18 कर्मचारियो को भर्ती कर काम पर रखा लिया गया था और 1 वर्ष के बाद 18 कर्मचारियों मे से 7 कर्मचारियो को मार्च 2025 से काम से बंद कर दिया गया जिसमें से 11 कर्मचारी आज भी न.पा. दमुआ में काम कर रहे है जबकि सांठगांठ तरीके से भर्ती किये गये 7 बंद किये गये कर्मचारियों का कहना है कि हम लोगो को क्यो काम से बंद किया गया है यदि भर्ती किया गया था तो हमे भी कार्य पर बने रहने देना था यदि हमे काम से बंद किया गया था तो सभी को काम से बंद करना था काम से बंद किये गये 7 मजदूरो ने लिखित शिकायत न.पा. दमुआ के अधिकारी सहित जिला कलेक्टर छिन्दवाडा और सी.एम हेल्प लाईन पर भी शिकायत की गई है। सोचनीय विषय है कि उन 7 कर्मचारियों का क्या दोष है जिन्हे काम से बंद किया गया है। जबकि इस तरह का खेल नगर पालिका दमुआ में लम्बे समय से चल रहा है यदि सूक्ष्मता से जांच की जाये बडा फर्जीवाडा निकलकर सामने आ सकता है।

# आंधी-तूफान का कहर, विद्युत पोल और पेड़ धराशायी, घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी



शनिवार शाम अचानक बदले मौसम और तेज आंधी-तूफान ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रभाव डाला।तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ एवं विद्युत पोल गिर गए,जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया।नगर के प्रमुख चौपाटी क्षेत्र में पेड़ और विद्युत पोल धराशायी होने से फुटकर व्यापारियों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा।वहीं सिविल लाइन में भी बड़े-बड़े पेड़ धराशाही हो गए।हालांकि समय रहते लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए,जिससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।वहीं नगर के गांधी चौक स्थित सभा मंच का ऊपरी हिस्सा भी तेज हवा के दबाव में क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया।जिसकी चपेट में आने से सड़क किनारे खड़ा एक वाहन नुकसान ग्रस्त हो गए।वहीं नगर के विभिन्न क्षेत्रों एवं ग्रामीण इलाकों में विद्युत लाइनें प्रभावित होने के कारण लगभग तीन से चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग और नगर पालिका परिषद का अमला मौके पर पहुंचा।तथा युद्धस्तर पर सुधार कार्य शुरू किया।देर रात तक गिरे हुए पेड़ों को हटाने और विद्युत आपूर्ति बहाल करने का कार्य जारी रहा।प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आंधी-तूफान से लाखों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।सबसे अधिक नुकसान फुटकर व्यापारी हुआ।जिनकी अस्थायी दुकानें एवं सामग्री बिखर गई।इस घटना के बाद विद्युत व्यवस्था के रखरखाव और समय-समय पर किए जाने वाले मेंटेनेंस कार्यों को लेकर भी लोगों ने सवाल उठाए हैं।नगरवासियों ने भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक सुरक्षा एवं पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने की मांग की है।

## ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी, विभाग युद्ध का हवाला देकर फर्म का कर रहा बचाव

# 3 माह से अधूरा कोसुंबा-बांडारेव सड़क मार्ग



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** लोक निर्माण विभाग के अधीन तिरोड़ी तहसील के अंतर्गत आने वाली कोसुंबा से बांडारेव सड़क मार्ग का पुनरुद्धार कार्य मार्च माह से प्रारंभ हुआ था। लेकिन आज तक यह कार्य अधूरा पड़ा है। करीब 4 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर केवल गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। परिणामस्वरूप राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कोसुंबा निवासी संजय खोब्रागड़े ने बताया कि शनिवार को भी एक सड़क हादसा हुआ जिसमें कपड़ा बेचने वाले एक छोटे व्यापारी का पैर टूट गया। घायल को उपचार के लिए तुमसर ले जाया गया है।लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री कमलेश राणा ने बताया कि सड़क निर्माण का ठेका जे.पी. इन्फ्रास्ट्रक्चर बालाघाट को दिया गया है। इस फर्म के पास चार सड़कों का काम है। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाली फर्म का बचाव करते हुए वह बताते है कि ईरान से अमेरिया-इजराइल युद्ध के कारण डामर के दाम दोगुने हो गए है। इस कारण से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। जब उनके कहां गया कि सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है तो वह कहते है कि अभी जो वैकल्पिक समाधान हो पाएगा वह शीघ्र ही किया जाएगा। जब उनसे सड़क के पुनरुद्धार कार्य की लागत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने फाईल देखकर ही जानकारी देने की बात कहीं।

**ग्रामीणों ने बताई अपनी पीड़ाः** ग्रामीण अपनी पीड़ा बताते हुए कहते है कि सड़क पर गिट्टी बिछी हुई है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाने में कठिनाई होती है। नुकीली गिट्टी के कारण वाहनों के टायर पंचर हो रहे हैं और मशीनरी खराब हो रही है। उन्होंने बताया कि कोसुंबा से बांडारेव के बीच शाम के समय वन्य प्राणी, विशेषकर बाघ की चहलकदमी बनी हुई है। जिससे भय का माहौल बना हुआ है। वहीं सड़क की हालत इतनी खराब है कि तेज वाहन चलाना संभव नहीं। वन्य प्राणियों की मौजूदगी के कारण शाम को सफर करना जान जोखिम में डालने जैसा है। सड़क की इस हालत की वजह से ग्रामीणों की रोजमर्रा की आवाजाही प्रभावित हो रही है किंतु मजबूरी में ग्रामीण इसी रास्ते से सफर करने कर रहे है। ग्रामीणों ने विभाग के वरिष्ट अधिकारियों और कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कराते हुए ठेकेदार से शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

**पारदर्शिता केवल चर्चाओं में:** लोक निर्माण विभाग के नियमों के अनुसार सार्वजनिक निर्माण कार्य स्थल पर सूचना फलक लगाना ठेकेदार/फर्म/कंपनी या विभाग की पहली जिम्मेदारी होती है। यह सूचना फलक निर्माण स्थल के दोनों ओर (शुरुआत और अंत में) पर्याप्त बड़े आकार के लगाने होते हैं। ताकि आम जनता को परियोजना के बारे में पारदर्शी जानकारी आसानी से मिल जाएं। इससे जनता को पता चलता है कि सड़क कौन बना रहा है, कितनी लागत आ रही है, और काम कब पूरा होगा। किंतु देखने में आ रहा है कि अब निर्माण कार्य स्थलों से सूचना फलक गायब रहते है। कोसुंबा से बांडारेव सड़क मार्ग जिसका पुनरुद्धार कार्य चल रहा है। उसका सूचना फलक ही गायब है। जिससे ग्रामीणों को यह तक पता नहीं चल पा रहा है कि निर्माण कार्य कब शुरू हुआ कब तक समाप्त होगा और लागत कितनी है। ध्यान रहे कि आने वाले 02 माह बाद बारिश का मौसम शुरू हो जाएगा और बरसाम में डामर की सड़क बनाना मुश्किल काम होता है।

## परसोडी घाट में दिन-दहाड़े और रात के अंधेरे में अवैध उत्खनन का खेल

# नदी का सीना चीर रहे रेत माफिया, प्रशासन बना तमाशबीन!

### नदी के बीच बांध बनाकर ट्रैक्टरों से निकाली जा रही रेत



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले की लांजी तहसील अंतर्गत परसोडी घाट इन दिनों रेत माफियाओं की खुली जागीर बन चुका है। यहां नदी के गर्भ से दिन-रात अवैध रेत उत्खनन का कारोबार बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि रेत माफियाओं ने नदी के बीच अस्थायी बांध बनाकर प्राकृतिक जलधारा तक को बाधित कर दिया है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की आंखों पर मानो पट्टी बंधी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रैक्टरों में हावड़ा लगाकर नदी के भीतर से रेत खींचकर किनारे तक लाई जाती है और फिर ट्रालियों में भरकर खुलेआम परिवहन किया जाता है। यह पूरा खेल प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि रेत माफियाओं ने नदी के बीच दो स्थानों पर अस्थायी बांध बना दिए हैं ताकि ट्रैक्टर और ट्रालियां आसानी से भीतर तक पहुंच सके। ट्रैक्टर में रापा लगाकर नदी के गर्भ से रेत खींची जा रही है, जिससे नदी का स्वरूप तेजी से बिगड़ रहा है। पर्यावरणीय नियमों और खनिज कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार रेत माफियाओं ने अपना ऐसा नेटवर्क खड़ा कर लिया है कि मुख्यालय के प्रमुख चौक-चौराहों, एसडीएम कार्यालय, थाना परिसर और यहां तक कि अधिकारियों के निवासों के आसपास भी उनके गुर्गे नजर रखते हैं। जैसे ही किसी विभाग की गतिविधि की भनक लगती है, सूचना तत्काल घाट तक पहुंचा दी जाती है और वाहन गायब हो जाते हैं। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि कारंजा स्थित वन नाका पर प्रति ट्रिप के हिसाब से कथित रूप से राशि जमा कराई जाती है, जिसके कारण रेत से भरे वाहन बिना रोक-टोक गुजरते हैं। इधर जिले भर में केवल दिखावटी कार्रवाई कर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहा है, जबकि दूसरी ओर रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि पूर्व में पुलिस, पत्रकारों, कर्मचारियों और अन्य लोगों को वाहनों से कुचलने जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि परसोडी घाट में चल रहे इस संगठित अवैध कारोबार की उच्चस्तरीय जांच कर रेत माफियाओं और उनके संरक्षकों पर कठोर कार्रवाई की जाए, अन्यथा आने वाले समय में नदी का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है।

## जनपद पंचायत के विश्राम गृह के सामने धूल खा रहा पशु वाहन

# आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से जनता-राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी अब आम दृश्य बन चुकी है। सिनेमा चौक से लेकर बस स्टैंड, सब्जी मंडी, वारासिवनी रोड, सिवनी रोड और पुराने पेट्रोल पंप चौक तक हर जगह गाय-बैल का जमघट दिखाई देता है। सड़क पर बैठे और विचरण करने वाले आवारा मवेशियों से केवल यातायात बाधित नहीं हो रहा बल्कि आए दिन सड़क हादसे भी हो रहे है। वहीं नगर परिषद के पास पशु पकड़ने का वाहन होने के बावजूद वह जनपद पंचायत के विश्राम गृह के सामने धूल खा रहा है। शाम ढलते ही जब बाजारों में भीड़ बढ़ती है, तब सड़क पर बैठे मवेशी सबसे बड़ा खतरा बन जाते हैं। कई बार वाहन चालक अचानक सामने आए पशु से टकरा जाते हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में ऐसे हादसों की संख्या लगातार बढ़ी है। समाजसेवी बजरंग शर्मा ने नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शिकायत करने के बावजूद परिषद ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पशु पकड़ने का अभियान चलाने की बात केवल कागजों में रह गई है। शर्मा का कहना है कि दुधारु गायों को मालिक दूध निकालने के बाद खुला छोड़ देते हैं, जिससे वे सड़कों पर घूमती रहती हैं।

गौरतलब हो कि पूर्व में नगर परिषद ने पशु मालिकों से अपील की थी कि वे अपने-अपने पशुओं को बांधकर रखें। साथ ही चेतावनी दी थी कि उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई होगी। लेकिन यह चेतावनी महज खानापूर्ति साबित हुई। आज भी बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर विचरण कर रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी ने बताया कि शीघ्र ही मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा। हालांकि नागरिकों का कहना है कि यह आश्वासन भी पहले की तरह केवल बयानबाजी न रह जाए। नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद को केवल बयान देने के बजाय ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। कई लोगों ने सुझाव दिया है कि पशु मालिकों पर जुर्माना लगाया जाए और बार-बार उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो।

## खिलाड़ियों को जल्द मिलेगी खेल सेल्फी स्टैंड की सौगात

**बालाघाट।** जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल शिविर के 29वें दिन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्थानीय व्यवसायियों ने खेल गतिविधियों में सहयोग का हाथ बढ़ाया। इसी क्रम में शनिवार सुबह मुलना स्टेडियम स्थित कराटे प्रशिक्षण केंद्र में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राइस मिल व्यवसायी महेंद्र पारधी, बिल्डिंग व्यवसायी गणेश बिसेन, जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष नरेश धुवारे तथा आहिल्या कन्हार फिजिकल क्लब के सचिव शैलेंद्र यादव उपस्थित रहे। अतिथियों ने कराटे शिविर में प्रशिक्षण ले रहे बालक-बालिकाओं से परिचय प्राप्त कर उनकी खेल संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### आज नगर में नल नहीं आयेंगें

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एतद द्वारा समस्त आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि, तेज आंधी तूफान से बंडोल फिल्टर प्लांट के विद्युत पोल गिरने से विद्युत प्रवाह बंद हो जाने के कारण नवीन जलावर्धन एवं पुरानी जलावर्धन योजनांतर्गत टंकियां एवं डायरेक्ट लाईन से जुडी टंकियां सप्लाई से जुडे क्षेत्रों में दिनांक 31/05/2026 को पेयजल सप्लाई आंशिक रहेगी। अतः समस्त नागरिकों से अपील है कि कम से कम 01 दिवस का पानी संग्रहण करके रखा जावे । आम नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए नगर पालिका परिषद सिवनी खेद व्यक्त करती है। पेयजल समस्या निराकरण हेतु निम्नानुसार गोबाईल नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है ऋषिकेश शर्मा उपयंत्री 9098687355 बसंत चौहान 9630453478 विषेश तिवारी - 7999039560।

### ई.एस.एस. प्रोफाइल को समग्र आईडी एवं आधार से लिंक कराने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर द्वारा जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि आईएफएमआईएस अंतर्गत शासकीय सेवकों के ई.एस.एस. प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन एवं आधार से लिंक/मैपिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। जारी निर्देशानुसार ऐसे शासकीय सेवक, जिनमें नियमित, गैर नियमित एवं मानसेवी मानदेयी कर्मचारी शामिल हैं, जिनकी ई.एस.एस. प्रोफाइल में समग्र आईडी आधार से लिंक नहीं हुई है, उनकी जानकारी अद्यतन कर लिंकिंग की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रभारी कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि संबंधित कर्मचारियों की ई.एस.एस. प्रोफाइल को समग्र आईडी एवं आधार से लिंक/मैप कर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र 30 जून 2026 तक जिला कोषालय सिवनी को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

### आज जिले के 1478 बूथों पर सुनी जाएगी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात'

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रति माह प्रसारित होने वाली लोकप्रिय रेडियो श्रृंखला मन की बात' का प्रसारण आज 31 मई को किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी 1478 बूथों पर कार्यक्रम को सुनने एवं देखने की व्यापक तैयारियां की गई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन के मार्गदर्शन में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार इस बार बूथ स्तर के कार्यक्रमों के अतिरिक्त भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिले में 200 से अधिक स्थानों पर किसानों के साथ सामूहिक रूप से मन की बात' सुनने एवं देखने के विशेष आयोजन किए जाएंगे। भाजपा मीडिया विभाग की ओर से मनोज मर्दन त्रिवेदी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि हर माह की तरह इस बार भी जिले के 1478 बूथों पर मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा तथा सभी कार्यक्रमों की संगठन एप पर विधिवत एंट्री सुनिश्चित की जाएगी।

### गूंज संस्थान के तत्वाधान में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. रितु तरवारे ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषय माहवारी से मेनोपॉज़ तक पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवतियों को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, हार्मोनल बदलाव तथा मेनोपॉज़ के दौरान होने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में जागरूक किया गया। डॉ. रितु ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए तथा नियमित जांच और स्वच्छता अपनाकर कई समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने विषय को रुचिपूर्वक सुना और स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम में वनस्टाप सेंटर से नारायणी सक्सेना और सोनल सक्सेना की महत्वपूर्ण उपस्थिती रही ।

# कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बादलपार चौकी के ग्राम विजयपानी में चल रहा अवैध तंबाकू का कारोबार

**कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बादलपार चौकी के विजयपानी गांव में कथित रूप से संचालित अवैध तंबाकू कारोबार अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है।**




गांव में बड़े पैमाने पर तंबाकू पीसकर गुटखा जैसा मिश्रण तैयार किए जाने और उसे बिना किसी लेबल एवं वैधानिक चेतावनी के खुलेआम बाजार में सप्लाई किए जाने के आरोप सामने आए हैं। मामले को लेकर प्रशासनिक निष्क्रियता और संबंधित विभागों की चुप्पी पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार गांव के दो भाई लगभग छह चक्की मशीनों के माध्यम से तंबाकू में चुना और अन्य सामग्री मिलाकर कथित रूप से गुटखा जैसा मिश्रण तैयार कर रहे हैं। यह सामग्री प्रतिबंधित प्लास्टिक की छोटी-छोटी पुडिय़ों में पैक कर बोलेरो वाहनों के जरिए गांव-गांव, कस्बों और शहरों तक पहुंचाई जा रही है। बताया जा रहा है कि जिलेभर की कई किराना दुकानों, पान गुमठियों और छोटे व्यापारियों तक इसकी सप्लाई की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कारोबार लंबे समय से खुलेआम संचालित हो रहा है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। गांव में यह चर्चा भी तेज है कि संबंधित विभागों तक कथित रूप से मंथली पहुंचने के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही। हालांकि इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासनिक चुप्पी ने लोगों के मन में कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### घरेलू बिजली कनेक्शन से चल रही थीं भारी मशीनें

जानकारी के अनुसार तंबाकू पीसने के लिए गांव में भारी चक्की मशीनें लगाई गई थीं, जिन्हें कथित रूप से घरेलू बिजली कनेक्शन से संचालित किया जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक लगभग 6 किलोवाट क्षमता तक की मशीनें घरेलू लाइन पर चलती पाई गईं। मामले की सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद पंचनामा कार्रवाई की गई। विभाग ने घरेलू कनेक्शन का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर आर्थिक दंड भी लगाया है।

### बिना लाइसेंस और लेबल के कारोबार पर उठे सवाल

नियमों के अनुसार तंबाकू उत्पादों के निर्माण और बिक्री के लिए लाइसेंस, पंजीयन और स्वास्थ्य विभाग की अनुमति आवश्यक होती है। इसके अलावा किसी भी तंबाकू उत्पाद की पैकेजिंग पर वैधानिक चेतावनी, निर्माण तिथि, ब्रांड नाम और अन्य जरूरी जानकारी अंकित होना अनिवार्य है।ऐसे में बिना लेबल, बिना ब्रांड और बिना चेतावनी वाली पुडिय़ों में कथित रूप से तंबाकू उत्पादों की बिक्री कई गंभीर कानूनी सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस तरह का कारोबार अवैध रूप से संचालित हो रहा है तो संबंधित विभागों को संयुक्त जांच कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### तंबाकू की धूल से गांव में बढ़ रहा स्वास्थ्य खतरा

ग्रामीणों का कहना है कि तंबाकू पीसने के दौरान उडऩे वाला धूलकण आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। लोगों ने सांस संबंधी बीमारियां, एलर्जी और बच्चों में स्वास्थ्य समस्याएं बढऩे की आशंका जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह कारोबार पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर स्वास्थ्य संकट बन सकता है।

### पुलिस और विभागीय कार्रवाई पर भी उठे सवाल

सूत्रों के अनुसार बादलपार चौकी पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर मशीनों का निरीक्षण किया था। चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले ने बताया कि मौके पर सुपारी और तंबाकू से संबंधित मशीनें पाई गई थीं। हालांकि अब तक किसी बड़ी कानूनी कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है।

इधर खाद्य विभाग ने भी मामले की जांच की बात कही है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि केवल जांच की बात कहने से काम नहीं चलेगा, अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई जरूरी है।

### तंबाकू निषेध:जानिए इसके दुष्परिणाम

तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। गुटखा और तंबाकू से मुंह के कैंसर की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। तंबाकू का धूलकण बच्चों और बुजुर्गों के लिए बेहद हानिकारक माना जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अवैध तंबाकू कारोबार पर रोक आवश्यक है।

### इनका कहना है

विजयपानी ग्राम में अर्जुन डहरिया के घर जांच के दौरान छह प्रकार की मशीनें लगी मिलीं। घरेलू कनेक्शन से गैर-घरेलू यंत्र संचालित पाए गए, जिस पर ऑनलाइन पंचनामा कार्रवाई करते हुए 35,358 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

**प्रमोद करोले, जेई, बादलपार**

जानकारी मिली है। जांच कर संबंधित कारोबारी पर कार्रवाई की जाएगी।

**महेंद्र परतेती, खाद्य विभाग अधिकारी**

# पति की हत्या करने वाली पत्नी, उसके प्रेमी और उसके दोस्त को हुई आजीवन कारावास की सजा

**सिवनी के थाना ऊगली का यह मामला दिनांक 25/05/2019 की रात्रि के लगभग 11 बजे है ग्राम बनाथर का है ।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ग्राम बनाथर के रहने वाले विदेश नागेश्वर की पत्नी युवकन बाई का ग्राम के ही रहने वाले लकेश पंचेश्वर से अवैध संबंध थे , जब उसे पता चला तो पत्नी को डांटा तो पत्नी उल्टा उसके साथ झगड़ा विवाद करती थी ,अवैध संबध में पति के बाधा बनने और टोकने की वजह से अपने पति को जान से मारने की योजना अपने प्रेमी लकेश के साथ बनाई और बताई की उसका पति घर के बाहर परछी में सोता है तब रात्रि में पति को जान से खत्म की योजनानुसार दिनांक 25/05/2019 को रात्रि लगभग 11 बजे प्रेमी लकेश पंचेश्वर और उसके साथी टक्कन मरकाम को अपने घर बुलाई और घर का दरवाजा बाहर से लगा दी ताकि बच्चे जो घर में सो रहें थे ,उनको पता ना चल सके , उसके बाद परछी में सो रहे उसके पति के हाथो को आरोपी टक्कन सिंह ने पकड़ा , पत्नी ने पैर पकड़ा और विदेश ने गला दबाकर जान से खत्म कर दिया था, पत्नी अंजान बनी रही। इस मामले की रिपोर्ट पर ऊगली थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रभारी हेमंत बाबरिया के द्वारा उचित जांच और अन्वेषण किया कोई भी चस्मदीद साक्षी घटना का नही था , परिस्थिजनक साक्ष्य जुटाकर आरोपी लकेश पंचेश्वर पिता काशीराम पंचेशर उम्र 47 वर्ष , टक्कन सिंह मरकाम पिता सुंदरलाल मरकाम उम्र 36 वर्ष , तथा मृतक की पत्नी युवकन बाई उम्र 33 वर्ष तीनों निवासी ग्राम बनाथर के विरुद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया था ।जिसकी सुनवाई श्रीमान बलबीर सिंह धाकड़ , तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी की अदालत में सुनवाई की गई , जिसमें शासन की ओर से असिस्टेंट डीपीओ मनोज कुमार सैयाम के द्वारा गवाहों और सबूतों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर प्रमाणित कराया और तर्क प्रस्तुत किए गए । जिसको दृष्टिगत रखते हुए माननीय विद्वान न्यायालय द्वारा उपरोक्त तीनों अभियुक्तगणों को धारा 302 भा.द.वि. में आजीवन कारावास एवम 5000-5000 रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित करने का अभूतपूर्व निर्णय सुनाया है ।

# ठेकेदार एवं पीएचई की लापरवाही से गांव वालो का फूटा गुस्सा पानी के लिए करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज केवलारी।

नगर केवलारी के समीप ग्राम पंचायत खापा के ग्राम घरघोंदी में पेय जल संकट गहरा गया है, इस भीषण गर्मी में पानी त्राहि त्राहि मची हुई पांच वर्ष से अधूरी पड़ी नल जल योजना पूरी नहीं हुई। आज दोपहर तीन बजे करीब ग्राम घरघोंदी निवासीयो ने एसडीएम कार्यालय एवं थाना केवलारी पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा जाकर बताया कि शासन की मंशानुसार ग्राम में नलजल योजना स्वीकृत हुई थी। ठेकेदार एवं पीएचई विभाग केवलारी लापरवाही और कमीशन खोरी के चलते आज दिनांक नलजल योजना बनी पूरी नहीं हुई। जिसके कारण ग्राम में पेय जल संकट गहरा गया है आम लोग तीन-चार किलो दूर जाकर पेयजल की व्यवस्था कर रहे है। ग्रामवासीयो ने बताया कि एक सप्ताह के अन्दर नल जल योजना सुचारू रूप से संचालित नहीं हुई तो दिनांक 5/6/2026 दिन शुक्रवार को चांदनी चौक केवलारी में एक दिवसी धरना प्रदर्शन आन्दोलन किया जाऐगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी। जिले के कान्हीवाड़ा में देर रात एक दर्दनाक सडक़ हादसे में साइकिल सवार भानसिंह काकोडिया उम्र लगभग 60 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल सवार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

# पीजी कॉलेज में सोमनाथ व्याख्यान माला का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में सोमनाथ स्वाभिमान के अंतर्गत सोमनाथ व्याख्यान माला दिनांक 29 मई 2026 को आयोजित किया गया। व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता डॉ सविता मसीह विभागगध्यक्ष हिंदी ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक, धार्मिक, एवं पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पूरे भारत में मंदिर की प्रति आस्था और श्रद्धा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ लीडिया कमरे ने विभिन्न ज्योतिर्लिंगों का महत्व बदलते हुए सोमनाथ मंदिर को प्रथम ज्योतिर्लिंग की मान्यता श्रद्धा और अटूट विश्वास के कारण जनमानस में और अधिक सुंदर और वृहद रूप से विषम परिस्थितियों में भी मंदिर को और अधिक व्यापक स्वरूप में प्रदान करने की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग ने लोकमाता अहिल्याबाई के द्वारा सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण एवं मंदिर के लिए किए गए प्रयासों की बात रखी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ मान सिंह बघेल द्वारा सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए विभिन्न आक्रांताओं द्वारा मंदिर को नष्ट करने एवं उसके पुनर्निर्माण की जानकारी प्रदान की । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही।

# सांस्कृतिक विदाई कार्यक्रम सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 97वें वन रक्षक प्रशिक्षण सत्र का सांस्कृतिक विदाई कार्यक्रम आज दिनांक 29 मई 2026 को राजीव गांधी प्रशिक्षण संस्थान वन विद्यालय में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रशिक्षु वन रक्षकों द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंडल अधिकारी डॉक्टर महेंद्र उइके रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पेंच टाइगर रिजर्व से देवा प्रसाद जे, संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह, एसडीओ मनेंद्र सिंह, एसडीओ राहुल शर्मा, सेवा निवृत्त अधिकारी प्रदीप श्रीवास्तव, परीक्षेत्र अधिकारी लखनादौन उत्तम मिश्रा, छपारा से शरद सिंह एवं घंसौर से आशुतोष चन्द्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षु वन रक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति समर्पण, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु छात्रों द्वारा मुख्य अतिथि डॉक्टर महेंद्र उइके को सम्मान भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षुओं को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना।

# राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर जोर

## प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित एवं नवदर्ज प्रकरणों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को राजस्व संबंधी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने मई माह में राजस्व न्यायालयवार दर्ज प्रकरणों के विरुद्ध हुए निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण शासन की प्राथमिकता है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं डायवर्जन जैसे महत्वपूर्ण प्रकरणों में तेजी लाने तथा अनावश्यक लंबित मामलों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं नागरिकों को स्वामित्व अधिकार उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण योजना है। अतः सभी



लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में किया जाए। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा के दौरान प्रभारी कलेक्टर ने शेष किसानों के पंजीयन की कार्यवाही युद्धस्तर पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अत्यंत आवश्यक है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में शासन द्वारा निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य की भी समीक्षा की गई। प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य पूर्ति के लिए अभी से प्रभावी रणनीति बनाकर कार्यवाही प्रारंभ करें तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

उन्होंने लोक सेवा केंद्रों से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि नागरिक सेवाओं से जुड़े प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा में होना चाहिए। सभी अधिकारी प्रतिदिन लंबित आवेदनों की समीक्षा कर समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्राकृतिक आपदा राहत प्रकरणों की समीक्षा के दौरान प्रभारी कलेक्टर ने प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही अत्यंत आवश्यक है। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का नियमानुसार निराकरण कर उन्हें संतुष्टिपूर्वक बंद कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

**गौवंश अपराधों पर जीरो टालरेंस की नीति और 360 डिग्री कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश**

# सिवनी में बकरीद पर कुर्बानी के लिए लाए 17 गोवंश को कराया मुक्त, मौलाना सहित पांच गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। बकरीद पर्व पर अशांति फैलाने व गौवंश की कुर्बानी के एक बड़े प्रयास को सिवनी पुलिस ने अपनी सक्रियता व मुस्तैदी से विफल कर दिया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में गौवंश अपराधों पर जीरो टालरेंस की नीति और 360 डिग्री कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 17 गौवंशों को मुक्त कराया है।**

पुलिस ने अपराध में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक मौलाना मजीद पुत्र शफीक खान (44) थांवरी थाना धनौरा हाल निवासी हड्डीगोदाम भगत सिंह वार्ड सिवनी शामिल है। पुलिस ने आरोपित मजीद खान, शेख आबिद व मुक्तदीर अहमद को चार दिन की रिमांड पर लिया है। जबकि अन्य दो आरोपितों को नोटिस पर छोड़ दिया है। सभी आरोपितों के विरुद्ध मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, मप्र कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम तथा बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस कंट्रोल रूम में 29 मई शुक्रवार की शाम प्रेस वार्ता में पूरे घटनाक्रम का राजफाश करते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि प्रकरण में पूरी गंभीरता से पुलिस कार्रवाई व विवेचना कर रही है। अपराध की चैन में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को मामले में आरोपित बनाया गया है। पुलिस रिमांड में आरोपितों से प्रकरण में विस्तृत पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की जानकारी खंगाली जा रही है।

### जंगल में बंधे थे चंदा की रकम से खरीदा गया गौवंश

एसपी लालचंदानी ने बताया कि मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली थी कि हड्डी गोदाम निवासी मौलाना मजीद खान ने बकरीद पर गौवंश की कुर्बानी के नाम पर समाज के कुछ लोगों से अवैध




चंदा एकत्रित किया जा रहा है। इस सूचना पर पूरी गंभीरता से लेकर एसडीओपी सचिन परते के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मजीद खान को टीपू सुल्तान चौक के पास से हिरासत में लिया। प्रारंभ पूछताछ व उसके मोबाइल की जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पूछताछ में पता चला कि मजीद खान ने इमरान पटेल, मौलाना आसिफ, साकिर अली व रफीक खान से 27,500 रुपये का चंदा इक_ा कर जटलापुर निवासी शेख आबिद से 7 गौवंश खरीदे थे। इन पशुओं को कुर्बानी के लिए जटलापुर जंगल में बांधकर रखा गया था।

### 48 गौवंश की कुर्बानी देने 80 हजार रुपये में किया था सौदा

एसपी के अनुसार इसके अतिरिक्त बरेली शरीफ के अब्दुल्ला मुसलमान के साथ 48 गौवंश की कुर्बानी के लिए 80 हजार रुपये का बड़ा सौदा तय हुआ था। इसके तहत छपारा निवासी मुक्कदीर शाह ने जामुनपानी जंगल में 10 गौवंश बांध कर रखे गए थे और बाकी 38 गौवंश दो दिन में उपलब्ध कराने की योजना थी। पुलिस टीम ने त्वरित दबिश देकर जटलापुर के खेत से 7 तथा जामुनपानी जंगल से 10 इस तरह कुल 17 गौवंशों को सुरक्षित मुक्त कराया। सभी पशुओं के मुंह, गर्दन व पैर क्रूरतापूर्वक रस्सियों से बंधे थे और उनके खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं थी। पुलिस ने सभी पशुओं को विधिवत मुक्त कराकर सुरक्षित गौशाला भेज दिया है। मौके से अवैध चंदे की राशि के अलावा 5 एंड्राइड मोबाइल व गौवध में प्रयुक्त होने वाले धारदार हथियार भी जब्त किए गए हैं। एसपी ने बताया कि प्रकरण में शामिल पांच आरोपित मजीद पुत्र सफीक खान (44) निवासी थांवरी धनौरा हाल भगतसिंह वार्ड सिवनी, शेख आबिद पुत्र शेख मुजिब (25) जटलापुर थाना बंडोल, साकिर पुत्र वाहिद अली (33) जनतानगर थाना डूंडासिवनी, रफीक पुत्र सफीक (36) गुरुनानक वार्ड थाना कोतवाली तथा मुक्तदीर अहमद पुत्र महफूज अहमद (46) जामा मस्जिद के पास छपारा निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मजीद खान, शेख आबिद व मुक्तदीर अहमद को रिमांड पर लिया है, जबकि अन्य को नोटिस पर छोड़ दिया है।

### एसपी ने कहा, गौवंश अपराधों पर जारी रहेगी कड़ी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने कहा है कि जिले में शांति-सौहार्द बनाए रखने गौवंश अपराधों पर इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजनों से अपील की है कि यदि गौवंश तस्करी या वध की कोई भी जानकारी मिले, तो तुरंत डायल-112 या नजदीकी थाने को सूचित करें। सटीक जानकारी देने वाले को 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा व उसकी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में एसडीओपी सचिन परते, निरीक्षक सतीश तिवारी, उप-निरीक्षक डालचंद ग्यारसिया, सउनि जसवंत ठाकुर, प्रधान आरक्षक मुकेश गोडाने, मनोज मरावी, संजय यादव, आरक्षक सिद्धार्थ दुबे, सतीश इनवाती, प्रतीक बघेल, रत्नेश कुशवाहा, रविंद्र डहेरिया, लोकेश सरयाम, सौरभ कछवाहा, चालक मोनू डहेरिया व अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज:सिवनी।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह,जनपद एवं नगरीय निकायों के अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत जिले में संचालित की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं कार्ययोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एजेंसी देना है
सिवनी जिले के अंतर्गत लखनादौन, बरघाट, कहानी में हरिभूमि अखबार की एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा निधि के साथ संपर्क करें।

| हरिभूमि कार्यालय | मोबाइल नंबर |
|---|---|
| प्लाट नं. 66/1 इंडस्ट्रियल एरिया,रिछाई जबलपुर (म.प्र) | 9340637789<br>9479623424 |

### सरपंच के घर धान की पैरा के नीचे छुपा कर रखी गई थी रेत, टेमनी में 357 ट्रॉली अवैध रेत भंडारण जब्त

# पैरा के नीचे छिपाकर रखी गई 30 ट्रॉली रेत का खुलासा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट/लांजी।

बालाघाट जिले की तहसील लांजी के ग्राम टेमनी में प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त छापामार कार्रवाई के दौरान अवैध रेत भंडारण का बड़ा मामला सामने आया है। कार्रवाई के दौरान सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ, जब ग्राम टेमनी के सरपंच के घर में धान के पैरा (पुआल) के नीचे छिपाकर रखी गई 30 ट्रॉली रेत बरामद की गई। प्रशासन ने इसे अवैध भंडारण मानते हुए तत्काल जब्त कर लिया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी, तहसीलदार लांजी, जिला खनिज अमला, थाना प्रभारी लांजी एवं पुलिस लाइन बालाघाट के बल द्वारा संयुक्त रूप से खनिज रेत के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ग्राम टेमनी में शासकीय एवं निजी भूमि पर कुल 357 ट्रॉली रेत का अवैध भंडारण पाया गया।

कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत टेमनी के सरपंच के घर में धान के पैरा के नीचे रेत छिपाकर रखी गई थी। मौके पर रेत भंडारण संबंधी कोई वैध अनुमति अथवा रॉयल्टी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर 30 ट्रॉली रेत जब्त कर ग्राम पंचायत टेमनी के ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में सौंप दी गई।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि ग्राम टेमनी में विभिन्न स्थानों से अवैध रूप से भंडारित रेत जब्त की गई, जिनमें जितेंद्र पिता ज्ञानी सिंह के घर से 7 ट्रॉली, लक्ष्मण पिता टिकनसिंह के घर से 55 ट्रॉली, शैलेन्द्र पिता राधेश्याम के घर से 77 ट्रॉली, अशोक पिता भिवराम के घर से 50 ट्रॉली, रुद्धन पिता सुंदरलाल के घर से 10 ट्रॉली, लक्ष्मण पिता तानूसिंह के घर से 30 ट्रॉली, दौलतराम पिता धानूलाल के घर से 30 ट्रॉली, समीर पिता पुरुषोत्तम के घर से 18 ट्रॉली, महेश पिता लेखराम के घर से 30 ट्रॉली, शैलेन्द्र प्रताप सिंह के घर से 40 ट्रॉली तथा कल्याण पिता केशवराव के घर से 10 ट्रॉली रेत शामिल है।

खनिज विभाग के अनुसार जब्त की गई समस्त रेत पर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं रेत के अवैध भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तेज हवा के साथ बारिश : फ्लेक्स उड़े, कार पर पेड़ गिरने से कांच-बोनट टूटा, कई इलाकों की बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में नौतपा के छठे दिन शनिवार शाम को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। दोपहर में जहां पारा 43 डिग्री सेल्सियस पर तप रहा था, वहीं शाम 5 बजे के बाद यह गिरकर 34 डिग्री पर आ गया। इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली।

शाम को करीब 10 से 15 मिनट तक बहुत तेज आंधी चली, जिसके बाद झमाझम बारिश शुरू हुई। तेज हवा का जोर इतना था कि चौराहों, छतों और पेड़ों पर लगे फ्लेक्स उड़ गए। यह बारिश आधे घंटे से ज्यादा समय तक चलती रही।

नगरपालिका परिसर में एक पुराना पेड़ गिर गया, जिससे बिजली के खंभों को नुकसान पहुंचा।जनपद पंचायत के पास पेड़ों की बड़ी टहनियां गिरने से बिजली की लाइनें और खंभे टूट गए। बैहर रोड पर छोटी मदीना मस्जिद के सामने एक पुराना पेड़ एक कार पर जा गिरा, जिससे कार का शीशा और बोनट चकनाचूर हो गया।

कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव के वैज्ञानिक धर्मेंद्र अगासे ने बताया कि भोपाल मौसम केंद्र ने पहले ही इस बदलाव का अंदाजा लगा लिया था और इसके बारे में जानकारी दे दी थी।

बारिश की वजह से निचले इलाकों और हनुमान चौक जैसे हिस्सों में पानी भर गया। हालांकि, नगरपालिका सीएमओ सूर्यप्रकाश उईके का कहना है कि उन्हें जलभराव की कोई खबर नहीं मिली है, लेकिन अगर कहीं पानी भरा है तो उसे तुरंत निकालने का इंतजाम किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बारिश को देखते हुए बड़े नालों और नालियों की सफाई का काम और तेज कर दिया गया है।

### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान, प्राचार्य को सौंपा

# अंतिम वर्ष की छात्रवृत्ति अटकी, विद्यार्थी परेशान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




कटंगी नगर के राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत लगभग 20 अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की अंतिम वर्ष की छात्रवृत्ति अटक गई है। यह समस्या केवल कटंगी तक सीमित नहीं है, बल्कि बालाघाट जिले के अन्य महाविद्यालयों में भी सामने आ रही है। विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने की कोशिश की, लेकिन पोर्टल ने उनके आवेदन अस्वीकार कर दिए। शिकायतें प्राचार्य से लेकर जिला कलेक्टर और उच्च शिक्षा विभाग भोपाल तक पहुंचीं, यहां तक कि सीएम हेल्पलाइन में भी दर्ज हुई, लेकिन समाधान आज तक नहीं हो पाया। इन विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष में पूरक परीक्षा देनी पड़ी थी। पूरक उत्तीर्ण करने के बाद उन्हें द्वितीय वर्ष में छात्रवृत्ति मिल गई। लेकिन अंतिम वर्ष में जब उन्होंने आवेदन किया तो एमपी टास्क पोर्टल पर उनकी जानकारी में एक वर्ष का अंतर दिखा। यही तकनीकी गड़बड़ी उनके लिए सबसे बड़ी बाधा बन गई। प्राचार्य अनिल शेण्डे ने स्पष्ट किया कि यह समस्या केवल कटंगी महाविद्यालय की नहीं है, बल्कि जिले के अन्य संस्थानों में भी विद्यार्थियों को इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

छात्रवृत्ति न मिलने से विद्यार्थी आर्थिक संकट में हैं। कई विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं और उनके परिवार की आय सीमित है। छात्रवृत्ति उनके लिए पढ़ाई जारी रखने का सहारा है। अंतिम वर्ष में यह सहायता रुक जाने से उनकी पढ़ाई और भविष्य दोनों पर प्रश्नचिह्न लग गया है। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की थी, लेकिन बिना समाधान के शिकायत को विलोपित कर दिया गया। यह प्रशासनिक उदासीनता विद्यार्थियों के लिए और भी निराशाजनक साबित हुई। प्राचार्य अनिल शेण्डे ने विद्यार्थियों की शिकायत को गंभीरता से लिया और अग्रणी महाविद्यालय बालाघाट तथा जिला कलेक्टर को अवगत कराया। उच्च शिक्षा विभाग भोपाल को भी जानकारी भेजी गई। लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। शनिवार 30 मई को दोपहर 3 बजे विद्यार्थियों ने पुनः प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा और अंतिम वर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान करने की मांग की।

गौरतलब हो कि एमपी टास्क पोर्टल पर विद्यार्थियों की जानकारी में एक वर्ष का अंतर दिख रहा है। जिन विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष में पूरक आई थी, उनके रिकॉर्ड में यह अंतर दर्ज हो गया। परिणामस्वरूप पोर्टल ने उनके आवेदन अस्वीकार कर दिए। यह समस्या तकनीकी है, लेकिन इसका असर सीधे विद्यार्थियों की शिक्षा और भविष्य पर पड़ रहा है। यह समस्या केवल कटंगी महाविद्यालय तक सीमित नहीं है। बालाघाट जिले के अन्य महाविद्यालयों में भी विद्यार्थियों को इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि यह एक प्रणालीगत समस्या है, जिसे उच्च शिक्षा विभाग स्तर पर हल करने की आवश्यकता है।

# कलेक्टर ने ली बालाघाट विकासखंड के खंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

### शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा



**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 30 मई को जिला पंचायत बालाघाट के सभागार में सभी विभागों के बालाघाट विकासखंड के खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, डी पी बर्मन तथा एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागवार योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा कृषि विभाग की समीक्षा में कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से दर्ज कराने एवं उसी आधार पर वेतन आहरण करने के निर्देश दिए गए। एएनएम को गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा गया कि लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एएनसी पंजीयन एवं एएनसी चेकअप में कम प्रगति वाली चरेगांव, मऊ, पाथरवाडा, समनापुर, आंवलाझरी, नहरवानी एवं शहरी क्षेत्र बालाघाट में वार्ड नं.09 एवं वार्ड नं. 05 की एएनएम को अपने कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये गए। उन्हें चेतावनी दी गई कि उनके कार्यों में प्रगति नही आने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। लामता के बीपीएम को निर्देशित किया गया कि वे एएनसी पंजीयन एवं एएनसी जाँच की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं आंगनवाडी सुपरवाइजर नियमित रूप से अपने क्षेत्र के आंगनवाडी केंद्रो का भ्रमण करें। बैठक में एसएएम एवं एमएएम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन, शाला पूर्व शिक्षा के लिए बच्चों के पंजीयन तथा पोषण ट्रैकर एप पर खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गई।

पशुपालन विभाग की समीक्षा में एफएमडी टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं कामधेनु योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। पशुपालकों को सेक्स सॉर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान के लिए प्रोत्साहित करने एवं बकरी पालन के प्रकरण अधिक संख्या में तैयार करने को कहा गया। एफएमडी टीकाकरण में कम प्रगति पाये जाने पर एव्हीएफओ जेएम धुर्वे, देवेश पटले एवं अंशुल नागोसे को चेतावनी दी गई कि वे अपने कार्य में शीघ्र प्रगति लाये अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कक्षा 1 से 8 तथा 9 से 12 तक शत-प्रतिशत विद्यार्थियों के पंजीयन के निर्देश दिए गए। कक्षा 6 एवं 9 के विद्यार्थियों को साइकिल तथा सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का शीघ्र वितरण कर उसकी पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया। कक्षा 09 से 12 के बच्चों के पंजीयन में कमी पाये जाने पर बालाघाट के बीआरसी को चेतावनी दी गई कि वे एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें अन्यथा उनकी एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी। कमजोर शैक्षणिक स्तर वाली शालाओं में एफएलएन मेले आयोजित करने एवं बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। एफएलएन सर्वे में कुम्हारी संकुल के बच्चों का स्तर कमजोर पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की गई और अवकाश के दिनों में बच्चों की दक्षता परीक्षण के लिए विशेष टीम भेजने के निर्देश दिये गए।

# खरीफ सत्र की तैयारियों में जुटा कृषि विभाग, किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराने और कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आगामी खरीफ सत्र को ध्यान में रखते हुए 30 मई को जिला पंचायत कार्यालय बालाघाट में उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालाघाट द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में खरीफ सीजन की तैयारियों, पराली प्रबंधन, बीज वितरण तथा फसल विविधीकरण को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में पराली प्रबंधन को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तथा हार्वेस्टर मशीनों में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (SMS) लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए पराली के बंडल अथवा गांठ बनाने की गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाए, जिससे खेतों में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

बैठक में खरीफ सीजन के लिए बीज उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के लिए बीज भंडारों से ग्राम स्तर तक पर्याप्त मात्रा में बीज पहुंचाया जाए। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को अपने-अपने मुख्यालयों में बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसानों को बीज की उपलब्धता एवं निर्धारित दरों की जानकारी समय पर देने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक के दौरान भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान का उल्लेख करते हुए बताया गया कि मध्य प्रदेश के मध्य क्षेत्र में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे देखते हुए कृषि अधिकारियों को किसानों के बीच कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। किसानों को धान के स्थान पर तिल, रामतिल, कोदो, कुटकी एवं अन्य मोटे अनाजों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं जिन क्षेत्रों में जलभराव की संभावना रहती है, वहां धान की खेती की सलाह दी गई है। धान उत्पादन के लिए भी डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) पद्धति से सीधी बुआई को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड (AIF) योजना की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि इस योजना के माध्यम से कृषि आधारित गतिविधियों एवं कृषि उद्योगों की स्थापना के लिए किसानों और युवाओं को बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिस पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान का प्रावधान है।

### बहुआयामी कृषि मॉडल बना किसानों के लिए प्रेरणा

**बालाघाट।** कृषि को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से किसानों द्वारा अपनाई जा रही समन्वित कृषि प्रणालियों को प्रोत्साहित करने के लिए आज दिनांक 30 मई 2026 को विकासखंड लांजी के ग्राम पालडोंगरी निवासी प्रगतिशील कृषक श्री लखनलाल उमरे के कृषि फार्म का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी कृषि लांजी श्री खुदीराम सनोडिया एवं क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती इंदु उइके द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने कृषक द्वारा अपनाए गए बहुआयामी कृषि मॉडल का विस्तार से अवलोकन किया। श्री लखनलाल उमरे पारंपरिक खेती के साथ-साथ कृषि आधारित विभिन्न आयवर्धक गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं। उनके द्वारा खेत में विभिन्न फसलों का उत्पादन किए जाने के साथ मत्स्य पालन, पशुपालन तथा आम की विभिन्न उन्नत एवं व्यावसायिक किस्मों का बागवानी स्वरूप में रोपण किया गया है।

# शहर की तीसरी आँख हुई खराब जिम्मेदार बेखबर

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



शहर में लंबे समय से लगातार घटित होती आपराधिक घटनाओं और अपराधियों के पुलिस पकड़ से दूर रहने से चिंतित शहरवासियों द्वारा लंबे समय से शहरीक्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से की जाती रही लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही देने के चलते स्थानीय नगरपालिका परिषद द्वारा इस ओर पहल करते हुए तीन माह पूर्व शहर में लाखों रुपये खर्च कर अपराधों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से शहरभर में 29 कैमरे लगाए गए थे जिसका पूरा कंट्रोल रुम स्थानीय थाने में स्थापित किया गया था लेकिन मात्र 3 माह के भीतर ही इस सिस्टम को संचालित करने वाली हार्ड डिस्क ही खराब हो गई परिणामस्वरूप पूरे शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे शोभा की सुपारी बन कर रह गए हैं।

विदित हो कि प्रदेश कमलनाथ सरकार में खनिज मंत्री रहे और भाजपा की शिवराज सरकार के दौरान खनिज निगम के अध्यक्ष रहे पूर्व कांग्रेसी व वर्तमान भाजपा के नेता प्रदीप जायसवाल के जन्मदिन 12 फरवरी को स्थानीय नगरपालिका द्वारा शहर में विभिन्न निर्माण कार्यो के लोकार्पण का आयोजन किया गया था उन कार्यो का लोकार्पण पूर्व मंत्री जायसवाल के द्वारा किया गया था इन कार्यो में करीब 25 लाख रुपये की लागत से शहर भर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण भी पूर्व मंत्री जायसवाल ने स्थानीय थाने से किया था।

किंतु तीन माह बाद ही शहर में लगे सीसीटीवी का कंट्रोलर (हार्ड डिस्क)ही खराब हो गया जिससे शहर भर में लगे कैमरे एक झटके में ही बेकार हो गए जिससे शहर में होने वाली घटनाओं पर पुलिस को सूचनाओं के भरोसे रहना पड़ रहा हैं।

सूत्रों की माने तो कंट्रोलरूम की हार्डडिस्क करीब 10 दिनों से खराब पड़ी हैं जिसकी सूचना पुलिस विभाग द्वारा फोन पर नपा के जिमेदारों को भी दी जा चुकी हैं लेकिन अभी तक जिमेदारों ने खराब पड़ी हार्डडिस्क को सुधरवाने में कोई दिलचस्पी नही ली हैं परिणामस्वरूप पूरे शहर भर में लगे सीसीटीवी कैमरे महज चौक चौराहों की बंद रहकर शोभा बढ़ा रहे हैं।

बताया जाता हैं कि शहर के पुराने रामपायली चौक, गोलीबारी चौक, कटंगी मार्ग जय स्तम्भ चौक, गायत्री मंदिर के पास,दीनदयाल चौक, कालेज चौक, वारा सहित शहर के अन्य स्थानों पर करीब 25 लाख रुपए खर्च कर नपा द्वारा 29 कैमरे लगाए गए हैं लेकिन सूत्रों द्वारा बताया गया हैं कि इन कैमरों की क्वॉलिटी ठीक नहीं हैं जिस वजह से इन कैमरों की तस्वीरें स्पष्ट नही होने से किसी भी घटना के दौरान धुंधली तस्वीरों की वजह से घटना के जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान करने में परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।इतना ही नही इन सीसीटीवी कैमरों को जितनी ऊँचाई पर लगाया जाना चाहिए था उतनी ऊँचाई पर ना लगाते हुए उन्हें कम ऊँचाई पर लगाया गया हैं जिससे कैमरा दूर की घटना की तस्वीरें नही ले पा रहे हैं।

### इनका कहना हैं

हार्डडिस्क खराब होने की जानकारी मुझे आप से मिल रही हैं मैं टीआई साहब से जानकारी लेता हूँ।

**सूर्यप्रकाश उके, सीएमओ वारासिवनी**

# नर सेवा ही नारायण सेवा, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी ने स्वास्थ्य शिविर में की 50 से ज्यादा मरीजों की जांच, 224 वां निःशुल्क कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

30 मई को जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव के साथ वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी ने मानव सेवा की।

बालाघाट जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित बिठली के वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जानियाटोला में 224 वे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. रमेश सेवलानी ने 50 से अधिक ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की। साथ ही जांच के उपरांत मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार आवश्यक दवाइयों का वितरण भी निःशुल्क किया।

शिविर की खास बात यह रही कि इसमें केवल स्वास्थ्य लाभ ही नहीं दिया गया, बल्कि जरूरतमंदों की बुनियादी आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया। डॉ. सेवलानी और उनकी टीम द्वारा शिविर में आईं महिलाओं को 40 साड़ियां और 10 बुजुर्ग पुरुषों को धोती का वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया।

इस शिविर में दानीटोला और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और युवा पहुंचे थे। सभी का डॉ. रमेश सेवलानी ने उपचार कर उन्हें स्वास्थ्य परामर्श दिया। इस दौरान चिकित्सक सहयोगी सुश्री नैना, समाजसेवी बच्चूमल वाधवानी, वरिष्ठ पत्रकार रफी अंसारी और जयपाल वरकड़े



मौजूद रहकर स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्थाओं को संभाला। आपको बताते चले कि डॉ. रमेश सेवलानी पिछले कई वर्षों से लगातार इसी तरह सुदूर आदिवासी और वनांचल क्षेत्रों में जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते आ रहे हैं। जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों को उनके घर के पास ही बेहतर इलाज मिल रहा है।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग
इलेक्ट्रिकल
सिविल
मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com